प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:05 बजे

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर व नालागढ़ में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होगा और मतगणना 13 जुलाई को होगी। मतदान के लिए अब तीन दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार पूरे चरम पर है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों के नेता इन विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं व जनसंपर्क के माध्यम से लोगों से वोट मांग रहे हैं और आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के मद्देनज़र देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के दृष्टिगत 10 जुलाई को सांय साढ़े 6 बजे तक एग्ज़िट पोल के आयोजन, प्रकाशन और प्रसारण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले की अवधि के दौरान किसी भी चुनाव संबंधी सामग्री, ओपिनियन पोल के परिणाम और अन्य किसी भी प्रकार के सर्वेक्षण के प्रसार पर भी प्रतिबंध रहेगा।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया अगले आदेश तक टल गई है। ये फैसला 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई के चलते लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता–सह–प्रवेश परीक्षा–नीट के लिए काउंसलिंग की तारीख़ें अभी तय नहीं हुई हैं। चिकित्सा परामर्श समिति परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने और सीट मैट्रिक्स को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इन तारीख़ों की घोषणा वेबसाइट पर करती है। स्नातक सीट मैट्रिक्स इस महीने के तीसरे सप्ताह तक और स्नातकोत्तर सीट मैट्रिक्स अगस्त के मध्य तक तय होने की संभावना है। इसके बाद काउंसलिंग की तारीख़ तय की जाएगी।

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की मतदान प्रक्रिया की तैयारियों के साथ–साथ मतगणना की तैयारियां भी आरंभ हो गई हैं। इसी कड़ी में कल बचत भवन में मतगणना पर्यवोकों और मतगणना सहायकों के लिए प्रथम प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इसके बाद पोस्टल बैलेट्स के मतगणना पर्यवेक्षकों और मतगणना सहायकों के लिए भी हमीर भवन में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। विधानसभा उपचुनाव की मतगणना 13 जुलाई को छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में की जाएगी।

मंडी ज़िला में बीते 3 दिनों से भारी बारिश हो रही है, ऐसे में लारजी और पंडोह डैम में जलस्तर बढ़ गया है। इसे देखते हुए दोनों डैम के प्रबंधन ने बांधों के गेट खोल दिए हैं। पंडोह डैम से 21 हज़ार 4 सौ क्यूसेक पानी प्रति सैकंड छोड़ा जा रहा है। इसके चलते ब्यास नदी के निचले क्षेत्रों में नदी का जलस्तर बढ़ गया है। मंडी में ब्यास नदी का पानी पंचवक्त्र महादेव मंदिर की पौड़ियों तक पहुंच गया है। इसे देखते हुए मंडी ज़िला प्रशासन ने लोगों को नदी के किनारों से दूर रहने की अपील की है। पंडोह डैम के अधिशासी अभियंता विवेक चोपड़ा ने बताया कि डैम में 29 हज़ार 2 सौ 48 क्यूसेक पानी प्रति सैकेंड पहुंच

रहा है। इसके बावजूद डैम में पानी की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और लोगों को घबराने की ज़रूरत नहीं है।

.....

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कल जिला मुख्यालय में आपदा प्रबंधन नियंत्रण में जिले में भारी वर्षा से हुए नुकसान की समीक्षा की तथा राहत पुनर्वास के कार्यों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर आपदा प्रबंधन के कार्यों को लेकर कोताही नहीं बरती जाए तथा सभी विभागों के अधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहें। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के चलते अवरूद्व मार्गों को तुरंत प्रभाव से वाहनों की आवाजाही के लिए दुरूस्त किया जा रहा है। गुम्मर से कनोल सड़क तथा होल्टा–चढ़ियार संधोल सड़क को आवाजाही के लिए बहाल करने के निर्दश दिए गए हैं। भारी बारिश से जल शक्ति विभाग की 166 योजनाएं प्रभावित हुई हैं जिनमें से 28 योजनाएं शुरू कर दी गई हैं। जिलें में विद्युत विभाग के 18 टांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...............

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता है। अमर उजाला और पंजाब केसरी का एक जैसा शीर्षक है–**कांगड़ा में खड्ड में बहा व्यक्ति, सिरमौर में चलती बस पर गिरा पत्थर, दो घायल।** हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–**लाहौल–स्पिति की 2 झीलों का लगातार बढ़ रहा दायरा बना परेशानी। आपका फैसला के शब्द हैं– हिमाचल में भारी बारिश,150 सड़कों पर आवाजाही ठप्प।**

कांगड़ा घाटी में दो दिन तक रेल सेवा बंद, गग्गल हवाई अड्डे की सुरक्षा दीवार गिरी दैनिक भास्कर की एक खबर है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से दिव्य हिमाचल लिखता है–**पौंग विस्थापितों को भूमिहीन नहीं रहने देंगे।** अखबार की एक अन्य खबर है–**पेंशन रिवीजन में देरी पर जेल जाएंगे शिक्षा विभाग के अफसर।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**कोर्ट के आदेश का पालन न करने वाले अधिकारियों को जेल भेजने का आदेश–प्राथमिक शिक्षा विभाग से जुड़े मामले में हिमाचल हाई कोर्ट का सख्त रूख।**

हिमाचल दस्तक की एक सुर्खी है–**चीन बार्डर की कड़छम–छितकुल सड़क परियोजना को खुद बनाएगा रक्षा मंत्रालय–केंद्र सरकार का हिमाचल लोक निर्माण विभाग को जोर का झटका।**

दैनिक सवेरा टाईम्स पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के हवाले से लिखता है–**उपचुनावों में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक।**

....